https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -266/2024
25 सितम्बर 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से रंगमंच के कलाकार श्री मुन्ना लोहरा ने मुलाकात की।
=============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हटिया निवासी रंगमंच कर्मी श्री मुन्ना लोहरा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मिलकर श्री मुन्ना लोहरा ने कहा कि ईश्वर की कृपा है कि मैं आपके जैसा दिखता हूं। मुख्यमंत्री से उन्होंने कहा कि मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं और आपको अपना आदर्श मानता हूं। मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे आपसे मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। आपसे मिलना भी मेरे लिए सपने पूरा होने जैसा है। मौके पर मुख्यमंत्री को रंगमंच कर्मी श्री मुन्ना लोहरा ने झारखंड के रंगमंच से जुड़े कलाकारों की समस्याओं से अवगत कराया।

रंगमंच के कलाकारों के विकास के लिए राज्य सरकार बनाएगी बेहतर पॉलिसी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उनसे कहा कि मैंने रंगमंच के कलाकारों को बहुत करीब से देखा है तथा उनकी सभी समस्याओं से अवगत भी हूं। आने वाले समय में झारखंड के कलाकारों को एक बेहतर प्लेटफार्म दिला सकूं इसके लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के कलाकारों एवं खिलाड़ियों में काफी क्षमताएं हैं। कई मौकों पर हमारे कलाकार और खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। झारखंड के रंगमंच से जुड़े कलाकार भी आगे चलकर सम्मान पूर्वक जीवन जी सके इसके लिए राज्य सरकार बेहतर पॉलिसी बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रंगमंच के कलाकारों के सर्वांगीण विकास में यथासंभव सकारात्मक कार्य किए जाएंगे इसका मैं आज आपको भरोसा देता हूं।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री मुन्ना लोहरा से कहा कि लोग ऐसा कहते हैं कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन के समय आदरणीय गुरुजी के जैसे कई हमशक्ल लोग दिखा करते थे। आज मुझे यह बातें याद आ रही हैं और आज संयोग है कि मेरे (हेमन्त सोरेन) के हमशक्ल श्री मुन्ना लोहरा मेरे साथ बैठे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप अपने क्षेत्र में आगे बढ़ते रहें मैं आपको अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मुन्ना लोहरा को दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रंगमंच के कलाकार श्री मुन्ना लोहरा को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर इस पल को यादगार बनाया।

मौके पर रंगमंच कलाकार श्री मुन्ना लोहरा के परिजन श्री महावीर नायक, श्री अमित कुमार तथा मुन्ना लोहरा की सुपुत्री सुश्री सृष्टि श्रेया उपस्थित रहे।
###
==========================
TeamPRD(CMO)